कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डलद्वितीय
उत्तर प्रदेश पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
पनकी–कानपुर
GSTIN : 09AAACU8823E1Z9

Email. ID : seetc2knp@gmail.com / मो0 नं0 7571849040

पत्रांक– 1061 /वि0प्रे0मं0द्वि0प0 (का0)/टी0–1 दिनांक – 31-12-2021

विषयः– निविदा प्रकाशन हेतु ।

विज्ञापन व्यवस्थापक,
1– पायनियर लखनऊ ।
2– दि इन्डियन एक्सप्रेस लखनऊ ।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में दिनांक शीघ्रतम अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिये 8–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी के समाचार पत्रों के लिये 6–8 प्वाइन्ट टाइप में) समाचार पत्र के केवल एक कालम में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें । हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाइन मे रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें ।

1. निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर ही करने की व्यवस्था करें ।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियाँ संलग्न करते हुये भुगतान हेतु अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल,द्वितीय उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, पनकी, कानपुर को प्रषित करें । विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नही होगा ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल,द्वितीय उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, पनकी, कानपुर द्वारा सम्बन्धित बिलों को पारित करने के पश्चात पारित बिलों को भुगतान सम्बन्धित खण्ड के द्वारा मुख्यालय से धन प्राप्ति के पश्चात् किया जायेगा।
4. संलग्न हिन्दी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जायेगा
5. विज्ञापन प्रकाशित होते ही बिलम्बतः एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाय अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा ।
6. यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करे । अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें ।
7. विज्ञापन के अन्त मे सबसे छोटे टाइप मे "राष्ट्र हित मे बिजली बचायें" का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें ।
8. उक्त निर्देशों के बिपरीत तथा गलत अथवा भददे ढंग से प्रकाशित किये गये बिज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है ।

संलग्न :– बिज्ञापन आदेश प्रथम व द्वितीय प्रति ।

भवदीय

(सुनील चन्द्र मिश्र)
अधीक्षण अभियन्ता (पारे0)द्वितीय

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत प्रेषण मण्डल द्वितीय
उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपोरेशन लि0
पनकी कानपुर

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नांकित को सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य अभियन्ता (पा0व0म0), उ0 प्र0 पावर ट्रॉसमिशन कारपोरेशन लि0, झाँसी ।
2. कोषा लिपिक सम्बन्धित खण्ड कार्यालय /सम्बधित निविदा पत्रावली/कट फाइल/ नोटिस बोर्ड।

(सुनील चन्द्र मिश्र)
अधीक्षण अभियन्ता (पारे0)द्वितीय

Scanned with CamScanner

UPPTCL

उत्तर प्रदेश पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

पत्रांक : 1061/वि0प्रे0मं0द्वि0प0(का0)/टी–1 दिनाँक : 31.12.2021

निविदा सूचना

निविदा संख्या–टी–69/वि0प्रे0मं0द्वि0पं0का0/2021–22, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत खण्डीय कार्यों हेतु **एक अदद डीजल चलित हल्का वाहन ड्राइवर सहित (12 माह के लिए) उपलब्ध कराने का कार्य।** कार्य सम्पादन हेतु अनुभवी, दक्ष एवं व्यापारकर/सेवाकर में पंजीकृत ठेकेदारो से **दिनांक–25.01.2022 अपरान्ह 12.00 बजे** तक दो अलग–अलग भागों में मुहरबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा **दिनाँक–25.01.2022 अपरान्ह 15:00 बजे** उपरोक्त कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा नामित अधिकारी द्वारा सार्वजनिक रूप से उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियो के समक्ष मंण्डल कार्यालय में खोली जायेगीं। लिफाफे पर फर्म का नाम, निविदा संख्या, भाग प्रथम एवं द्वितीय एवं खुलने की तिथि स्पष्ट अंकित होनी चाहिये। निविदा के प्रथम भाग में निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि केवल RTGS के माध्यम से **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय, कानपुर(IFSC Code-PUNB0103500 A/C No-1035002100001555)** के पक्ष में जमा रसीद हो तथा निविदा के दूसरे भाग में दरें व शर्तें होगी । निविदा शुल्क या धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा का दूसरा भाग नहीं खोला जायेगा । अधोहस्ताक्षरकर्ता को सम्पूर्ण निविदा या उसके किसी अंश को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है । निर्धारित तिथि में अवकाश पड़ने पर सारी प्रकिया अगले कार्यदिवस में सम्पन्न होगी । **कार्य का विवरण नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।** निविदा प्रपत्र का मूल्य तथा जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगा । निविदा प्रंपत्र निविदा खोलने के एक दिन पूर्व तक प्राप्त किये जा सकते हैं। **निविदा संख्या–69 की धरोहर धनराशि रू0–6000/–,निविदा मूल्य रू0– 708/–** (जी0एस0टी0 सहित) राशि नियमानुसार देय होगी ।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल द्वितीय, कानपुर

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल, द्वितीय
उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपोरेशन लि0
पनकी कानपुर

" राष्ट्र हित में बिजली बचायें "

Published on dated 01.01.202

Scanned with CamScanner